# कार्यालय : वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, बोकारो।

ज्ञापांक 647, दिनांक 27/7/2024

प्रतिलिपि :– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, बोकारो वन प्रमण्डल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि पृच्छित बिन्दुओं का निराकरण प्रतिवेदन यथाशीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय, ताकि अग्रतर कार्रवाई की जा सके।

27/7/2024

वन संरक्षक,
प्रादेशिक अंचल, बोकारो।

26.7.24

# कार्यालय : प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक,
# बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची।

वन भवन, डोरण्डा, राँची, झारखंड, पिन–834002, Email : pccf-ednodal@gov.in


पत्रांकः–                    दिनांकः–

सेवा में,

क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक,
बोकारो।

विषय :– **सी0सी0एल0 सेलेक्टेड ढोरी खुली खदान परियोजना में सन्निहित कुल रकवा 143.05 हे0 के नवीकरण हेतु वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव (FP/JH/MIN/40575) के संबंध में।**

प्रसंग :– मुख्य वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, बोकारो का पत्रांक 557 दिनांक 26.06.2024

महाशय,

उपर्युक्त विषयक संदर्भ में सूचित करना है कि मुख्य वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, बोकारो के पत्रांक 557 दिनांक 26.06.2024 द्वारा सी0सी0एल0 सेलेक्टेड ढोरी खुली खदान परियोजना में सन्निहित कुल रकवा 143.05 हे0 के नवीकरण हेतु वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव (FP/JH/MIN/40575) प्राप्त हुआ है। उक्त प्रस्ताव के संबंध में निम्नवत् बिन्दुओं पर प्रतिवेदन/निराकरण अपेक्षित है :–

1. विषयगत प्रस्ताव के ऑनलाईन पार्ट–I के कंडिका–A4 में वर्णित भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, नई दिल्ली के उल्लेखित Approval पत्रांक/दिनांक में त्रुटी है।
2. पार्ट–I के कंडिका–A5 एवं A6 में भारत सरकार के संगत Proposal no./Approval पत्र का उल्लेख नहीं है, जो त्रुटिपूर्ण है।
3. परियोजना प्रस्ताव में वन प्रमण्डल पदाधिकारी, बोकारो वन प्रमण्डल द्वारा प्रतिवेदित है कि "मेसर्स सी0सी0एल0 के कई सारे Project में Stage-II प्राप्त है तथा उनके कई प्रस्ताव में Wildlife management Plan/Soil and Moisture Conservation Plan के शर्त्त का अनुपालन कई वर्ष बीत जाने के बाद भी नहीं किया गया है। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि M/s CCL के विभिन्न परियोजनाओं में भारत सरकार द्वारा प्रदत्त Stage-II के शर्तों का अनुपालन CCL द्वारा नहीं किया जा रहा है।"

   इस मामलें में बोकारो वन प्रमण्डल अंतर्गत वैसे सभी वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव जिनके स्टेज–I/स्टेज–II में Wildlife management Plan/Soil and Moisture Conservation Plan के लगाये गये शर्त्त का अनुपालन लंबित है, उसकी प्लान के अद्यतन स्थिति के साथ सूची उपलब्ध करायी जाय।
4. विषयगत नवीकरण परियोजना प्रस्ताव के प्रसंगाधीन पृच्छा प्रतिवेदन पर क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, बोकारो का अनुमोदन की सूचना अप्राप्त है।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त बिन्दुओं पर वांछित निराकरण प्रतिवेदन यथाशीघ्र इस कार्यालय को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,

ह0/–
प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक
बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची।

ज्ञापांक 669        दिनांक 25/7/2024

**प्रतिलिपि** :– वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, बोकरो/वन प्रमण्डल पदाधिकारी, बोकारो वन प्रमण्डल/ मुख्य महाप्रबंधक (पर्या0 एवं वन), सी0सी0एल0, दरभंगा हाउस, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

25/7/24

प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक
बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची।

E:\ANUJ\Nitish\Selected Dhori 143.05 ha\Letter.docx